दिनांक–15.03.2024 समय–2.10 pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव

निर्वाचन आयोग कल लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में कल दोपहर चुनाव तिथियों की घोषणा की जाएगी। लोकसभा चुनाव के साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम भी घोषित किया जाएगा।

वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष 16 जून को समाप्त हो रहा है। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और चुनाव अप्रैल और मई में सात चरणों में संपन्न हुए थेचुनाव आयुक्त कार्यभार

नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों - ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने आज कार्यभार संभाल लिया है। निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों नए चुनाव आयुक्तों का स्वागत किया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि ऐसे समय में इनका आयोग में शामिल होना महत्वपूर्ण है जब निर्वाचन आयोग, इसी वर्ष विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में लोकसभा चुनाव संचालन के लिये तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने श्री कुमार और श्री संधू को कल चुनाव आयुक्त नियुक्त किया था।

सीतारामन-अर्थव्यवस्था

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इस समय शीर्ष पर है और इसके और बढने का अनुमान है। एक निजी समाचार चैनल के सम्मेलन में उन्होंने विभिन्न सेक्टरों में सुधार के लिए केन्द्र, राज्य और स्थानीय निकायों के बीच अधिक समन्वय पर बल दिया।

वित्त मंत्री ने कहा कि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने से लोग अपने अधिकारों के प्रति स्वाभाविक रूप से सजग होंगे। उन्होंने कहा सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ड्रोन प्रौद्योगिकी सहित आधुनिक तकनीकों में कौशल प्रशिक्षण का लक्ष्य हासिल कर रही है। चुनावी बॉड योजना पर सुश्री सीता रामन ने कहा कि यह राजनीतिक चन्दा देने की पूर्व प्रणाली से कुछ बेहतर है और इससे वैध धन राशि का हस्तांतरण सुनिश्चित हुआ है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते हुए उन्होंने कहा कि इससे सबक लेना चाहिए और आगे आने वाले विधानों में पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए।

शाह-पेट्रोल और डीजल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें कम करने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की है। श्री शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार के प्रयासों से पिछले ढाई वर्षों में पेट्रोल की कीमत लगभग 15 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 17 रुपये प्रति लीटर कम हुई है। उन्होंने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

यूनेस्को विश्व हेरिटेज

प्रदेश की अद्भुत एवं सांस्कृतिक धरोहर अब विश्व धरोहर के रूप में प्रतिष्ठित होने जा रही है। यूनेस्को के विश्व हेरिटेज सेंटर द्वारा भारत की अस्थायी सूची में मध्यप्रदेश की छह धरोहरों को सम्मिलित किया गया है। इनमें ग्वालियर का किला, धमनार का ऐतिहासिक समूह, भोजपुर का भोजेश्वर महादेव मंदिर, चंबल घाटी के रॉक कला स्थल, बुरहानपुर का खूनी भंडारा और रामनगर, मंडला का गोंड स्मारक शामिल हैं।

इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यूनेस्को के विश्व हेरिटेज सेंटर द्वारा प्रदेश की 6 संपतियों का जोड़ा जाना हमारे लिए गर्व और सम्मान का विषय है।

विश्व उपभोक्ता दिवस

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उपभोक्ता अर्थव्यवस्था का आधार है, उसकी जागरूकता ही बाजार को गति और पहचान प्रदान करती है। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस जागरूक करता है कि उपभोक्ता अपने अधिकारों को जानें और उत्पाद एवं सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने में सहभागी बनें। धार मे भी आज विश्व उपभोक्ता दिवस, पर कलेक्टोरेट सभाकक्ष स्टॉल, प्रदर्शनी लगाई गई है।

भाजपा सदस्यता

प्रदेश में नेताओं के भाजपा में आने का सिलसिला लगातार जारी है। आज प्रदेश कार्यालय में कांग्रेस के पूर्व विधायक अंतरसिंह दरबार, कांग्रेस नेता पंकज

सिंघवी, बसंत चौरसिया, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन की प्रदेश महासचिव डॉ. अन्नपूर्णा शर्मा, धामनौद नगरपालिका अध्यक्ष सीमा विष्णु पाटीदार, मऊगंज नगरपरिषद अध्यक्ष ब्रजवासी पटेल सहित सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- शिवपुरी जिले में लोकसभा चुनावों के लिए कल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन के दौरान किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

- आगरमालवा जिले में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कल ग्राम किशनकोट में आयोजित की गई किसान संगोष्ठी में कृषकों को मूंग प्रदर्शन, मूंगफली प्रदर्शन, स्पाइरल ग्रेडर, पावर स्प्रे पंप लेने के लिए कहा साथ ही बीज उत्पादन तकनीक, प्राकृतिक कृषि के बारे में मार्गदर्शन दिया गया।
- रतलाम जिले में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित नल जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बताया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 374 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं, इनमें से 309 योजनाएं पूर्ण कर ली गई है।
- नर्मदापुरम के रेवा सभाकक्ष में आगामी लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।